सुविचार



चुनौतियों से घबराइये मत, सामना कीजिए। आग तो हर व्यक्ति के भीतर छिपी है।, बस उसे जगाने की जरूरत है।

- संत प्रवर श्री चंद्रप्रभ जी

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- मरीजों को फंसाकर दलाली करने वाले चार गिरफ्तार II
- पुस्तक मेले में चखे फरे, नून बरी और कचालू III
- युवा खेल महोत्सव में खिलाड़ियों में दिखा उत्साह IV

लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026




**रमजान का 27वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:53 | सुन्नी : 6:20 |
| शिया : 4:42 | शिया : 6:28 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- लखनऊ विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग में भाऊ राव देवरस शोध पीठ में ग्लोबल इकॉनॉमी एंड रोल ऑफ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला– 10:30 बजे से।
- नेशनल पीजी कॉलेज में वार्षिक शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम – 11:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग में विश्व समाज कार्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर– 11:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में पोषण समिति की सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक– 12:30 बजे से।
- कैन्टोमेंट के तोपखाना बाजार स्थित माध्यमिक विद्यालय इंटर कालेज प्रेक्षागृह में नाट्य संस्था रंगनाद और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नाटक सुभागी का मंचन– 12:30 बजे से।
- कैशरबाग स्थित कलेक्टर सभागार में डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा– 4:30 बजे से।
- होटल रेनिसा में फिक्की फ्लो की ओर से हैकिंग द ह्यूमन ब्रेन विषय पर सुहानी शाह का व्याख्यान और फ्लो अवार्ड्स का वितरण– 6:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# सिलेंडर रखकर लगाया जाम, गैस एजेंसी पर हंगामा

## स्थित गंभीर होने पर बुलाकी अड्डा की सरस्वती गैस एजेंसी पर बुलानी पड़ी पुलिस, डिलीवरी वैनों के पास लगी रहीं कतारें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रशासन के दावों के बावजूद शहर में रसोई गैस सिलेंडर का संकट दूर नहीं हो पा रहा है। विराम खंड स्थित देवा पैलेस स्थित भारत गैस एजेंसी के 100 से अधिक उपभोक्ताओं ने सोमवार को हुसड़िया चौराहे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर जाम खुलवाया। चौक, बुलाकी अड्डा, गोमती नगर सहित कई गैस एजेंसियों में भी हंगामा हुआ। बुलाकी अड्डा स्थित भारत की सरस्वती गैस सर्विस में तो पुलिस बुलानी पड़ी। चारबाग स्थित ज्योति गैस सर्विस, लालबाग में इंडेन की सहकारी गैस सर्विस सहित कई एजेंसियों के बाहर लोग सिलेंडर के साथ लंबी कतारों में नजर आए। कई एजेंसियों में बुकिंग करा चुके उपभोक्ताओं को लाइन लगाकर सिलेंडर का वितरण किया गया।

ईद के कारण पुराने लखनऊ के मुस्लिम बहुल इलाकों में गैस सिलेंडर की सबसे ज्यादा बुकिंग हो रही है। बुकिंग से लेकर सिलेंडर लेने तक के लिए एजेंसियों और गोदामों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। किल्लत की खबरों से परेशान लोग होम डिलीवरी का इंतजार न करके लोग सिलेंडर के लिए सीधे एजेंसी और गोदाम पहुंच रहे हैं। भीड़ बढ़ने के कारण ही हंगामे की स्थिति बन रही है। उधर, एलडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि इंडियन कंपनी के उपभोक्ता इंडियन ऑयल वन ऐप पर गैस की बुकिंग करा सकते हैं। एजेंसियां उपभोक्ताओं के घरों पर सिलेंडर पहुंचा रही हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता बुकिंग कराने के बाद सीधे गैस एजेंसी पहुंच रहे हैं, जिससे समस्या बढ़ रही है। एडीएम ने उपभोक्ता परेशान न हों और जरूरत होने पर ही गैस की बुकिंग कराएं।



गोमती नगर विराम खंड के देवा पैलेस स्थित गोमती भारतगैस एजेंसी के बाहर हंगामा करते उपभोक्ताओं को समझाते पुलिसकर्मी।

### 50 बार कॉल लगाने में हुई बुकिंग, मिल गया सिलेंडर

- एक हफ्ते से गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी का चक्कर लगा रहे उपभोक्ताओं को सहकारी गैस सर्विस पर लंबी लाइन लगाने के बाद जैसे ही गैस सिलेंडर मिला उनके चेहरे खुशी से खिल गए। अपने पति के साथ गैस सिलेंडर लेने आईं महरून्निसां ने बताया कि 50 बार कॉल किया तब जाकर गैस की बुकिंग हुई थी। अब सिलेंडर मिल गया है ईद अच्छे से मन जाएगी। मेराज ने बताया कि पहले तो बुकिंग नहीं हो रही थी। एक हफ्ते पहले बुकिंग हुई और डीएससी नंबर का मैसेज आने पर खुद गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंच गए। परेशानी के बाद सिलेंडर मिल जाने से बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। उधर, दो दिन बाद खुली लालबाग स्थित इंडेन की सहकारी गैस सर्विस के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ दिखी। होम डिलीवरी का इंतजार किए बिना लोग बुकिंग और डीएससी नंबर का मोबाइल पर मैसेज आने के बाद सीधे गैस एजेंसी पहुंच गए। एजेंसी के दफ्तर से ही परची कटवाई और भरा सिलेंडर ले गए। वहीं कई उपभोक्ता ऐसे भी थे जिनके मोबाइल पर मैसेज नही आने से उन्होंने एजेंसी के दफ्तर पर लाइन लगाकर केवाईसी कराई।

### गैस संकट के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** देशभर में चल रही एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी और कालाबाजारी के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नाली से गैस बनाने का नाटक कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही गैस सिलेंडर नहीं मिलने को लेकर सरकार को दोषी बताया। साथ ही लोगों को हो रही परेशानी पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।




प्रदर्शन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

### गैस एजेंसी के गोदाम में पकड़ी अनियमितता, रिपोर्ट दर्ज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी में गैस एजेंसियां भी शामिल हैं। उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज और आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा अकरहद कुंती इंडेन गैस एजेंसी के कार्यालय और गोदाम के निरीक्षण में अनियमितता पाई गई। जिला पूर्तिअधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि ऑनलाइन स्टॉक रिपोर्ट तथा गोदाम में उपलब्ध स्टॉक में अंतर मिला। घरेलू गैस सिलेंडर की संख्या ऑनलाइन स्टॉक से कम मिली। गैस सिलेंडरों के स्टॉक में व्यापक हेराफेरी एवं अनियमितता मिलने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश–2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 का उल्लंघन है। जांच के आधार पर एजेंसी की प्रोपराइटर, गोदाम इंचार्ज तथा एजेंसी प्रबंधन के अनियमितता मिलने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है।




सिलेंडर की लाइन में खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

## बच्चों में जोड़ों का दर्द गठिया का संकेत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बच्चों के जोड़ों में सूजन या दर्द, सुबह उठते समय जकड़न, बार-बार बुखार, त्वचा पर चकत्ते या रैश, लंगड़ाकर चलना, अत्यधिक थकान और कमजोरी के साथ आंखों में लालिमा या दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें तो सतर्क हो जाना चाहिए। ये लक्षण बच्चों में गठिया रोग के संकेत हो सकते हैं। समय पर जांच और इलाज शुरू होने से बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।

यह जानकारी प्रो मुकेश मौर्य ने दी। वह एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला का सोसाइटी फॉर ऑस्टियोआर्थराइटिस रिसर्च (एसओएआर) लखनऊ शाखा और एकेडमी ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया की ओर से किया गया था।

डॉ. मुकेश मौर्य ने बताया कि जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों में होने वाले गठिया रोग का प्रमुख कारण अक्सर अनुवांशिक कारक होते हैं। ऐसे मामलों में शुरुआती पहचान और विशेषज्ञ उपचार बेहद जरूरी होता है, ताकि बच्चों के जोड़ों को स्थायी नुकसान से बचाया जा सके।

कार्यशाला में डॉ. एसके दास ने ऑस्टियोआर्थराइटिस और सीपीपीडी में सूजन के तंत्र और उनके प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उम्रदराज लोगों में गठिया एक सामान्य समस्या बनती जा रही है। इससे बचाव के लिए वजन नियंत्रित रखना और नियमित हल्का व्यायाम करना बेहद लाभकारी है, जिससे जोड़ों पर दबाव कम पड़ता है और दर्द में राहत मिलती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो एके त्रिपाठी ने रूमेटोलॉजी से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते बोझ पर चिंता जताते हुए कहा कि इन रोगों का शीघ्र निदान और उचित उपचार बेहद आवश्यक है।

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ नगर निगम में 10 पार्षद नामित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ नगर निगम में 10 पार्षदों को नामित किया गया है। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरुप्रसाद की ओर से जारी सूची के अनुसार पुराना हैदरगंज निवासी गणेश वर्मा, विनीत खंड गोमती नगर से दीपू जायसवाल, मुरलीनगर निवासी रूपचंद अग्रवाल, रविंद्र पल्ली फैजाबाद रोड से पंकज बोस, अतरौली से किशन पाल, दौदा खेड़ा मानक नगर से संतोष सिंह बलखंडी, सैनिक नगर तेलीबाग से नेहा सिंह, विकास नगर से अखिलेश गिरी, विरामखंड गोमती नगर निवासी मधुबाला त्रिपाठी और सआदतगंज निवासी पुरुषोत्तम पुरी को पार्षद नामित किया गया है।

### गंदगी और पॉलीथिन मिलने पर वसूला जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध सोमवार को जोन 3 में अभियान चलाया गया। वर्मा पेट्रोल पम्प से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा तक किए गए निरीक्षण में गंदगी फैलाने और पॉलीथिन का प्रयोग पाये जाने पर कुल 11400 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसमें गंदगी फैलाने पर 5000 रुपये और प्रतिबंधित पॉलीथिन पर 5800 रुपये जुर्माना शामिल है। अभियान जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, पुष्कर सिंह पटेल, सुमित मिश्रा तथा सुपरवाइजर के सहयोग से चलाया गया।

### टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** टाउन वेंडिंग कमेटी की नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को दोपहर 12 बजे से प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई। कमेटी के सदस्य और पटरी दुकानदारों के 12 प्रतिनिधियों ने बैठक में आमंत्रित न किये जाने के विरोध में रविवार को आपात बैठक की थी। जिसमें बैठक को नियम के खिलाफ बताया गया था। साथ ही बैठक में लिये गए किसी भी निर्णय को नहीं माना जाएगा। पटरी दुकानदारों के प्रतिनिधियों के इस निर्णय के बाद नगर निगम प्रशासन बैकफुट पर आ गया और सुबह 10 बजे ग्रुप पर मैसेज भेजकर बैठक स्थगित करने की जानकारी दी गई।

## परिवहन और जलकर मसले को लेकर वित्त मंत्री से मिले व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन व्यवसायियों के ऊपर लागू की गई योजना से संबंधित कुछ बिंदुओं पर हो रही कठिनाई तथा जल कनेक्शन के बिना आ रहे लाखों रुपयों के बिल के विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से संदीप बंसल के नेतृत्व में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल मिला।

उन्होंने कहा कि सरकार ने नए परिवहन व्यवसायियों के लिए एकमुश्त कर जमा कराने की जो योजना बनाई है, स्वागत योग्य है परन्तु जो पुराने परिवहन व्यवसायी हैं या जिनके पास एक अथवा दो गाड़ी हैं उनके लिए एक मुश्त पैसा जमा कराना अव्यवहारिक है, उनको पुरानी व्यवस्था अथवा तिमाही कर जमा कराने की छूट प्रदान की जाए। संदीप बंसल ने बताया कि बिना पानी के कनेक्शन के लाखों रुपये के बिल लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों में नगर निगमों नगरपालिकाओं द्वारा भेजे गए हैं जिनको भुगतान किया जाना व्यापारी समाज के लिए संभव नहीं है। इस नियम में परिवर्तन करते हुए व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने नगर विकास मंत्री एवं परिवहन मंत्री से वार्ता की और कहा कि समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान संगठन के महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, अनुज गौतम, उत्तर प्रदेश परिवहन व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता शामिल रहे।



ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता।

# ग्रीन कॉरिडोर पर वाहनों के फर्राटा में ब्रेकर बने दो चौराहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हनुमान सेतु चौराहे पर सीधे निकालने के बजाय वाहनों को घुमाकर निकाला जा रहा
- निशातगंज चौराहे पर सिकंदरबाग की ओर से आने वाले वाहनों से होता टकराव

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर पर आईआईएम रोड से समतामूलक चौक तक की दूरी 10 मिनट में पूरी होने का दावा किया गया था, लेकिन बीच में दो चौराहों पर ही 10 से 15 मिनट का समय लग रहा है। हनुमान सेतु चौराहे पर तो कॉरिडोर पर सीधा रास्ते के बजाए घुमाकर निकाला जा रहा है।

आईआईएम रोड से समतामूलक चौक तक ग्रीन कॉरिडोर बनने से लोगों को नया और सीधा रूट मिला है। इससे लंबी दूरी कम हुई और समय की बचत हुई है। नये रूट से वाहन आईआईएम रोड, डालीगंज, निशातगंज और समतामूलक चौक तक बिना ब्रेक लगाए मिनटों में पहुंच जाते हैं। लेकिन, इन जगहों पर बनी रोटरी में चारों दिशाओं का यातायात टकराने की वजह से वाहनों की रफ्तार थम जाती है और वाहन स्वामी को संभलकर वाहन बढ़ाना होता है। सबसे ज्यादा समस्या निशातगंज रोटरी पर है। यहां हजरतगंज और महानगर की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों का दबाव अधिक है। उसी जगह से ग्रीन कॉरिडोर के वाहन निकलते हैं। रोटरी पर चारों दिशाओं के वाहन धीरे या फिर आड़े-तिरछे होकर निकलते हैं। यू-टर्न लेने पर पीछे के वाहन रुक जाते हैं। सुबह-शाम पीक ऑवर में जाम के हालात रहते हैं।




निशातगंज चौराहे इस तरह निकलते हैं ग्रीन कॉरिडोर से आने वाले वाहन। अमृत विचार

> निशातगंज रोटरी के पास जगह कम होने की वजह से वाहनों के मुड़ने में थोड़ी समस्या आ रही है। इसके लिए रोटरी के आसपास चौड़ीकरण करेंगे। साथ ही यू-टर्न देंगे। बाकी जगह समस्या नहीं है।
>
> -प्रभारी एके सिंह सेंगर, प्रोजेक्ट इम्लीटेसन यूनिट, एलडीए (पीआईयू)

### एलडीए के ड्रोन सर्वे में बहाल मिला था यातायात

- एलडीए ने जनवरी में समतामूलक, निशातगंज और हनुमान सेतु पर रोटरी निर्माण के दौरान इन चौराहों पर भविष्य में यातायात बाधित न हो, इस पर यातायात पुलिस के सुझावों पर हनुमान सेतु रोटरी का लगातार दो दिन सुबह 10 बजे और शाम 6 बजे पीक आवर्स में तकनीकी विभागों से ड्रोन सर्वे कराया था। रोटरी पर यातायात सुचारू मिला था। इसके अलावा निशातगंज एवं समतामूलक रोटरी पर जाम लगने की आशंका कराए गए परीक्षण में कुछ जगहों पर सीधे रूट की जगह यू-टर्न का प्रावधान का सुझाव दिया गया था।

### लीकेज की मरम्मत के लिए खोदी सड़क, लगाए बेरीकेड

- रविवार शाम ग्रीन कॉरिडोर के पास बीरबल साहनी मार्ग स्थित सड़क सीवर लाइन लीकेज होने की वजह से धंस गई। नगर निगम की टीम ने शाम को मरम्मत कार्य शुरू किया जो सोमवार को भी दिनभर चला। आसपास पानी भर गया। मरम्मत के लिए ग्रीन कॉरीडोर के किनारे की सड़क खोदी गई और बैरीकेड लगा दिए। वाहनों को दूसरी तरफ से डायवर्ट किया गया।

**लापरवाही**

दो वर्षों में 100 से अधिक अस्पतालों को जारी हुए नोटिस, इक्का–दुक्का पर ही कार्रवाई

# बिना फायर एनओसी चल रहे 700 पंजीकृत अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते दुकानों और कॉम्प्लेक्स में निजी अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के आने-जाने के लिए केवल एक ही रास्ता है। आग जैसी आपात स्थिति में यहां बचाव के समुचित इंतजाम भी नहीं हैं।

उड़ीसा के एक मेडिकल कॉलेज में सोमवार को लगी भीषण आग से 10 मरीजों की मौत और 11 से अधिक कर्मचारी घायल होने की घटना के बाद एक बार फिर से राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में आग से बचाव को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है।

शहर में पंजीकृत निजी अस्पतालों की संख्या 900 से अधिक है। इनमें से फायर एनओसी लगभग अस्पतालों के पास ही है। इसमें 700 से अधिक अस्पताल बिना एनओसी के संचालित हो रहे हैं। बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालित होने की संख्या जिले में पांच हजार से भी अधिक है।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई नोटिस तक सीमित

- जिले में पांच हजार से अधिक निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से महज 900 का ही पंजीकरण है। स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में कई अस्पतालों में फायर एनओसी न मिलने की पुष्टि होने के बावजूद कार्रवाई केवल नोटिस जारी करने तक ही सीमित रही। बीते दो वर्षों में विभाग ने 100 से अधिक अस्पतालों को नोटिस जारी किए, लेकिन इक्का–दुक्का अस्पतालों पर ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली गई।




### पंजीकरण के लिए यह है नियम

- अस्पताल के पंजीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होता है। इसके बाद फायर और बॉयोमेडिकल वेस्ट की एनओसी सीएमओ ऑफिस में जमा करना होता है। अस्पताल में निकासी के दो गेट भी होने चाहिए। इसके बाद टीम अस्पताल जाकर जांच करती है। सभी मानक सही पाए जाने पर अस्पताल का पंजीकरण कर दिया जाता है।

### पंजीकरण में ऐसे होता है खेल

- जिम्मेदार अधिकारियों और अस्पताल संचालक की मिलीभगत से अवैध संचालन होने लगता है। पंजीकरण के समय अधिकारयों द्वारा जांच के नाम पर अस्पताल में कमियां निकाली जाती हैं। जिन्हें अस्पताल संचालक द्वारा जल्द पूरी कराने का प्रार्थना पत्र लेकर अस्पताल संचालन का मौखिक आदेश जारी कर दिया जाता है।

> निजी अस्पतालों के खिलाफ समय–समय पर अभियान चलाया जाता है। कमियां मिलने पर नोटिस देकर जवाब मांगा जाता है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अस्पताल के संचालन पर रोक लगाई जाती है।
>
> -डॉ. एपी सिंह, नोडल निजी अस्पताल

### प्रमुख अस्पतालों में हाल ही में हुई घटनाएं

- **14 अप्रैल 2025 :** लोकबंधु अस्पताल के आईसीयू में आग लग गई थी। जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी।
- **18 दिसंबर वर्ष 2023 :** पीजीआइ की ओटी में वेंटीलेटर में आग लगने से दो की मौत
- जुलाई वर्ष 2017 : केजीएमयू में आग लगने से पांच लोगों की हुई थी मौत।
- 2 जनवरी, 2024 : सिविल अस्पताल की पैथेलाजी में आग लगने से मची भगदड़।

## केजीएमयू में बदला गया येलो फीवर टीकाकरण का शेड्यूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब सोमवार और गुरुवार को ही लगेगा टीका
- विदेश यात्रा से कम से कम 10 दिन पहले लगवाने की अपील

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में येलो फीवर के टीकाकरण का शेड्यूल बदल दिया गया है। अब यह टीका महीने के दूसरे शनिवार को नहीं लगाया जाएगा। पहले यह टीका सोमवार और गुरुवार के साथ शनिवार को भी लगाया जाता था।

यह टीका विशेष रूप से उन लोगों के लिए जरूरी है, जो येलो फीवर प्रभावित देशों की यात्रा करने जा रहे हैं। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी विदेश यात्रा से कम से कम 10 दिन पहले टीकाकरण जरूर करवा लें, ताकि पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। चिकित्सकों के अनुसार येलो फीवर एक गंभीर वायरल बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी मुख्य रूप से अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कुछ क्षेत्रों में पाई जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस टीके की केवल एक खुराक ही व्यक्ति को जीवन भर के लिए सुरक्षा प्रदान करती है। समय पर टीकाकरण न केवल व्यक्ति को बीमारी से बचाता है, बल्कि इसके प्रसार को रोकने में भी प्रभावी साबित होता है।



## सिटी ब्रीफ

### मोबाइल हैक कर उड़ाए रुपये

**अमृत विचार , आलमबाग :** कृष्णा नगर इलाके में रहने वाले विनोद कुमार राय का मोबाइल हैक कर जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से 41,180 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कृष्णा नगर के आशुतोष नगर निवासी विनोद कुमार राय के मोबाइल नंबर से जुड़े क्रेडिट कार्ड से 16 फरवरी को अचानक कई अनाधिकृत ट्रांजेक्शन हो गए। जालसाजों ने तीन अलग-अलग बार में उनके क्रेडिट कार्ड से कुल 41,180 रुपये निकाल लिए। जब उनके मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आया तो उन्हें इस ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद विनोद कुमार राय ने तुरंत अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया और बैंक को इसकी सूचना दी। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल और स्थानीय कृष्णा नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### युवती को जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाने में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि एक युवक उसकी आपत्तिजनक तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मध्य प्रदेश के पन्ना की रहने वाली युवती ने थाने में तहरीर दी। जिसमें अनुज सिंह पर आरोप लगाया कि उसे लगातार धमका रहा है। युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सार्वजनिक करने के साथ ही गांव और घर के आसपास पोस्टर लगवाने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। साथ ही उसके माता-पिता को भी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने शनिवार को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को रॉड से पीटा एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज में गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीट दिया। मदेयगंज निवासी मोहम्मद बिलाल रविवार शाम अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान पड़ोस में ही रहने वाला बिलाल नाम का लड़का वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी रॉड लेकर आए। धमकाते हुए घर में घुस गया। आरोप है कि हमलावर ने उसके सिर पर रॉड से वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर बिलाल की मां और बहन बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह पीड़ित को बचाया। आरोप है कि घटना के बाद से इलाके के रहने वाले फरहान और मोहसिन भी उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसओ मदेयगंज अंजनी सिंह के मुताबिक बिलाल, फरहान और मोहसिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फर्जीवाड़ा कर खराब किया सिबिल स्कोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजी बैंक पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुसैनगंज निवासी डिलीवरी ब्वाय स्वामीनाथ द्विवेदी के नाम से लाखों रुपये का लोन कराने का आरोप लगा है। पीड़ित को इसकी जानकारी तब हुई जब वह राजभवन स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में लोन लेने पहुंचे। वहां बताया गया कि 25 अगस्त 2021 को उनके नाम से 4.31 लाख रुपये का लोन हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड से लिया गया है, जिसकी कुछ ही किस्तें जमा हुई हैं और सिबिल स्कोर खराब हो गया है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने कभी लोन नहीं लिया। बाद में कोटक महिंद्रा बैंक के रिकवरी एजेंट भुगतान का दबाव बनाने लगे। शिकायत के बाद हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### रिटायर्ड आईएएस के खिलाफ झूठी शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज की सूर्योदय कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बाबू राम के खिलाफ फर्जी शिकायत करने के आरोप में गोसाईंगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। बाबू राम का आरोप है कि हुबुआपुर निवासी मोहनेश्वर प्रसाद सिंह ने जमीन विवाद के चलते उनके और उनके बेटों के खिलाफ विभिन्न विभागों में गलत सूचनाएं देकर शिकायतें भेजीं। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उनके अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की, जबकि जांच में प्रमाण पत्र सही पाया जा चुका है। इस संबंध में आरोपी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में रिट याचिका भी दायर की थी। बाबू राम की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सख्ती





गोमती नगर विस्तार में कल हुए हादसे में युवक की मौत के बाद सोमवार को जनेश्वर मिश्रा पार्क गेट नंबर चार पर अपनी टीम के साथ चेकिंग करते गोमती नगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी। अमृत विचार

### बीकॉम छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार , आलमबाग:** कृष्णानगर के न्यू सरदारीखेड़ा में भूमिराज (27) ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार देर शाम वह अपने कमरे में थी। इस बीच छोटा भाई राहुल बहन के कमरे में गया। वहां भूमिराज को फंदे से लटका देखकर राहुल चीख पड़ा। शोर सुनकर परिजन दौड़े। वहां देखा कि बेटी भूमिराज ने दुपट्टे से पंखे के सहारे फांसी का फंदा लगाया था। परिजनों ने फंदा काटकर भूमिराज को नीचे उतारा और आननफानन में लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

# 19 दिन पहले खरीदी चार लाख की बाइक, स्टंट में गई जान

## होली से सप्ताह पर पहले नैतिक ने खरीदी थी पसंद की बाइक

- स्टंट के शौक ने पूरे परिवार को दिया गहरा सदमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जनेश्वर मिश्र पार्क के पास रविवार की सुबह स्टंट करते समय हादसे में नैतिक कुमार (17) की मौत हो गई। उसने अपनी पंसद की बाइक हादसे से करीब 19 दिन पहले खरीदी थी। तेज रफ्तार और स्टंट के शौक ने पूरे परिवार को गहरा सदमा दे दिया। जो भी हादसे के बारे सुना वह दंग रह गया। पड़ोसियों ने यहां तक कह दिया कि बाइक न खरीदी होती तो शायद नैतिक जिंदा होता।

गोमतीनगर के विशेषखंड में किराए के मकान में रहने वाला नैतिक इंटर का छात्र था। पिता राम इकबाल औद्योगिक क्षेत्र मोदीनगर में बिजली विभाग में एसडीओ के पद पर तैनात हैं। पड़ोसियों के अनुसार वह पढ़ाई में तेज था और सामान्य तौर पर अपने काम से ही मतलब रखता था। पड़ोसी घर में काम करने वाले राजबहादुर ने बताया कि नैतिक कई दिनों से नई बाइक लेने की जिद कर रहा था। उसने करीब 12 लाख रुपये की स्पोर्ट्स बाइक भी पसंद की थी, लेकिन परिवार ने उसे चार लाख रुपये की बाइक दिलाई थी। उसके परिवार के लोगों का कहना है कि उन्हें यह पता नहीं था कि वह बाइक से स्टंट करता है। अगर ऐसी जानकारी होती तो बाइक नहीं दिलाते। पड़ोसियों के अनुसार नैतिक पहले स्कूटी से आता-जाता था और कुछ समय पहले ही नई बाइक ली थी। बाराबंकी चले जाने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका।

**ऐसे हुई थी घटना :** रविवार सुबह नैतिक जीटी (बुलेट) बाइक से जनेश्वर मिश्र पार्क की ओर गया था। उसके साथ दूसरी स्पोर्ट्स बाइक से आदित्य श्रीवास्तव भी था, जिसने अपनी बाइक पर लगे 360 डिग्री कैमरे से वीडियो रिकार्ड किया था। वीडियो में साफ दिख रहा है कि नैतिक तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हुए उस पर खड़े होकर स्टंट कर रहा था। इसी दौरान सामने जा रही स्कूटी से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार कृष्णा और लव शर्मा घायल हो गए, जो क्रिकेट खेलकर घर लौट रहे थे। वहीं आदित्य की बाइक भी डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई और वह भी घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नैतिक को मृत घोषित कर दिया।

### जनेश्वर मिश्र पार्क के आसपास बनेंगे 12 स्पीड ब्रेकर

**अमृत विचार , लखनऊ :** जनेश्वर मिश्र पार्क से लेकर जी-20 रोड पर स्टंटबाजों व बाइकर्स की रफ्तार पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। दोनों के बीच में करीब एक दर्जन स्पीड ब्रेकर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह ब्रेकर 300 मीटर पर बनाया जाएगा। इसके लिए गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने कमिश्नरेट मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही एलडीए से पत्राचार कर निर्माण काम शुरू करा दिया जाएगा। वहीं सोमवार देर शाम तक पुलिस ने सात बाइकों को सीज किया और 65 चालान किए। हादसे में रविवार को हुई स्टंट कर रहे बाइक सवार नैतिक की मौत और चार लोगों के घायल होने के बाद सोमवार को पुलिस दिन भर अलर्ट रही। जनेश्वर मिश्र पार्क चौकी गेट से लेकर जी-20 रोड तक लगातार पुलिस कर्मी गश्त करते रहे। दोपहर इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अभियान चलाया। अभियान पार्क के पास से लेकर जी-20 चौराहे तक चला। दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लोगों को पकड़ा। देर शाम तक पुलिस ने रेसर बाइक समेत सात वाहनों को सीज किया। वहीं, 65 का चालान किया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान वाहन चालक दूसरे रास्तों पर निकले तो वहां भी पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई थी।

#### गलत दिशा से था स्कूटी चालक

इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक अचानक पार्किंग से निकलकर रांग साइड स्कूटी सवार सामने आ गया। इस कारण हादसा हुआ। स्पोर्ट्स बाइक सवार नैतिक की तो रफ्तार ज्यादा थी ही पर हादसा गलत दिशा से स्कूटी सवार के कारण हुआ। अगर वह गलत दिशा से न होता तो शायद हादसा इतना भयावह नहीं होता। इंस्पेक्टर के मुताबिक अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डेटिंग एप पर फंसाकर लूटने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऑन लाइन डेटिंग एप के माध्यम से लोगों को फंसाकर लूटने व ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह का खुलासा अलीगंज पुलिस व स्वाट टीम ने किया। इस गिरोह के चार आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के साथ एक बाल अपचारी भी पकड़ा गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी डेटिंग ऐप के माध्यम से लोगों को कमरे में बुलाते थे, फिर उनका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर नकदी और ऑनलाइन रकम ट्रांसफर करा लेते थे। पुलिस ने उनके पास से चार फोन, तीन बाइक और 19999 रुपये बरामद किए हैं।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुणवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में इंदिरानगर के शक्तिनगर निवासी खालिद अहमद, अलीगंज के सेक्टर क्यू निवासी आकाश पांडेय, सर्वोदयनगर निवासी देवकरण सिंह, सुभाष रावत और एक नाबालिग शामिल है। पकड़ा गया गिरोह ऑनलाइन डेटिंग ऐप ग्राइंडर के जरिए लोगों से संपर्क करता था। पहले गिरोह का नाबालिग सदस्य पीड़ित से दोस्ती कर उसे मिलने के लिए उसे कमरे में बुलाता था। जब पीड़ित कमरे में पहुंचता तभी गिरोह के अन्य सदस्य वहां पहुंच जाते थे। इसके बाद आरोपी पीड़ित का वीडियो बनाते हुए उसे डराते थे कि वह नाबालिग के साथ आपत्तिजनक हरकत कर रहा है।



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे। अमृत विचार

- अलीगंज पुलिस ने सोमवार सुबह चार आरोपियों और बाल अपचारी को भी पकड़ा
- शिकार को कमरे पर बुलाते, वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दे करते वसूली

**वीडियो बनाकर वसूलते थे रुपये:** एसीपी अलीगंज सुरेंद्र कुमार शर्मा के मुताबिक पहुंचते ही आरोपी पीड़ित की वीडियो बना लेते और उसे बंधक बना लेते थे। धमकी देते थे कि अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा और पुलिस में शिकायत कर जेल भिजवा दिया जाएगा। इस डर का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य पीड़ित से नकदी और मोबाइल छीन लेते थे। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कराकर ऑनलाइन भी रकम ट्रांसफर कराते थे।

**दो दोस्तों को बनाया था निशाना:** इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर के मुताबिक आरोपियों ने अलग-अलग दिन हजरतगंज निवासी दो दोस्तों को निशाना बनाया था। लेकिन दोनों एक दूसरे के बारे में नहीं जानते थे। पिछले हफ्ते बातों बातों में एक दोस्त ने घटना की चर्चा की, खुलासा होने पर 15 मार्च वह अलीगंज थाने पहुंचे और शिकायत की। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान सर्विलांस और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने गिरोह का सुराग लगाया था। सोमवार सुबह करीब 5:50 बजे सेक्टर-ई स्थित कूड़ाघर के पास घेराबंदी कर पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# नशे में धुत मजदूर ने पी लिया जहरीला पदार्थ

संवाददाता सरोजनीनगर

- बिजनौर के चंद्रावल में हुई घटना पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** बिजनौर के चंद्रावल में शुक्रवार सुबह मजदूर सूरज कुमार (36) ने शराब के नशे में धुत जहरीला पदार्थ पी लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिजनौर के चंद्रावल निवासी सूरज कुमार मजदूरी करता था। उसकी 2019 में उन्नाव जिले के अजगैन के जमालपुर निवासी राम श्री के साथ शादी हुई थी। सूरज के पिता राजेश कुमार की करीब 5 वर्ष पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद से सूरज अपनी मां सरला और छोटे भाई तुषार व दो बहनों के साथ रहता था। सूरज शराब का आदी था। जिसकी वजह से करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई। परिजन के मुताबिक शुक्रवार सुबह सूरज ने शराब के नशे में कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उसके तेज उल्टियां होते देख परिजनों उसे आनन-फानन लोक बंधु अस्पताल ले गए। जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में अधिक शराब के नशे में जहरीला पदार्थ पीने की बात पता चली है।

# शाकाहारी थाली में निकली हड्डी, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर के फूड वैली के हाउस ऑफ रॉयल्स रेस्टोरेंट में हुई घटना
- प्रयागराज के कारोबारी साथियों संग पहुंचे थे खाने एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के रिवर फ्रंट स्थित फूड वैली के हाउस ऑफ रॉयल्स रेस्टोरेंट में प्रयागराज के कारोबारी हेमंत कुमार सिंह अपने साथियों संग खाना खाने गये थे। 14 शाकाहारी थाली का ऑर्डर दिया। थाली टेबल पर पहुंची तो एक थाल में मांस व हड्डी का टुकड़ा निकला। इस पर आपत्ति की तो रेस्टोरेंट के प्रबंधक व कर्मचारी धमकी देने लगे। कारोबारी व उनके साथियों ने हंगामा शुरू कर दिया। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। कारोबारी ने गोमतीनगर थाने में रेस्टोरेंट के प्रबंधक व कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक प्रयागराज के प्रीतमनगर निवासी हेमंत कुमार सिंह शुक्रवार रात साथियों समेत 14 लोगों के साथ फूड वैली पहुंचे। वहां हाउस ऑफ रॉयल्स रेस्टोरेंट पर पहुंचे। हेमंत के मुताबिक उन्होंने शुद्ध शाकाहारी खाने का आर्डर करते हुए 14 डीलक्स वेज थाली मांगी। आर्डर के कुछ देर बाद कर्मचारियों ने 14 थाली लाकर टेबल पर रख दी। सभी ने खाना शुरू ही किया था कि हेमंत की थाली में मांस-हड्डी का टुकड़ा निकला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। चूंकि सभी शाकाहारी हैं इसलिए सबने खाने से मना कर दिया। कुछ ने तो उल्टियां कर दी। आरोप है कि जब कर्मचारी को बुलाकर उन्होंने विरोध किया तो वह उल्टा धमकाने लगे। इस पर हंगामा शुरू हो गया। देखते-देखते आस पड़ोस में खाने के लिए परिवार के साथ आए लोग जुट गए। मामला पता चलने पर उन्होंने भी नाराजगी जताई। बवाल की सूचना पर गोमतीनगर पुलिस पहुंची। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और समझाकर शांत कराया। पीड़ित हेमंत कुमार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक हेमंत कुमार की तहरीर पर रेस्टोरेंट के प्रबंधक और कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले जाचं की जा रही है।

# निर्माणाधीन इमारत की छठवीं मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

संवाददाता, काकोरी

- पारा के हंसखेड़ा में शटरिंग का काम करते समय हुई घटना

**अमृत विचार:** पारा के हंसखेड़ा में सोमवार सुबह निर्माणाधीन इमारत की छठवीं मंजिल से गिरकर मजदूर राजेंद्र कुमार (40) की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पुलिस के मुताबिक राजेंद्र चित्रकूट जिले के सदर कोतवाली स्थित बगलई गांव निवासी का रहने वाला था। वह हंसखेड़ा में बन रही एक निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग का काम कर रहे थे। वहां 19 मंजिला भवन बन रही है। आसपास कई निर्माण चल रहे हैं। सोमवार सुबह रोज की तरह राजेंद्र कुमार अपने साथियों के साथ काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह छठी मंजिल से सीधे नीचे गिर पड़े। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। निर्माण स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम थे या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि देर शाम तक तहरीर नहीं मिली थी।

**केजीएमयू** | ट्रामा सेंटर में तीमारदारों को जाल में फंसाकर निजी अस्पताल में भेजते थे मरीज

# मरीजों को फंसाकर दलाली करने वाले चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केजीएमयू के लॉरी व ट्रामा सेंटर में मरीजों को निजी अस्पताल संचालकों के हाथ बेचने वाले दलालों के गिरोह का खुलासा पुलिस ने किया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में नक्खास चौक का मुस्तकीम खान, दौलतगंज हुसैनाबाद मौनीपुरवा का अफजल, पानी टंकी हुसैनाबाद का शहजान ओर गेंदखाना पानी टंकी का साकिब शामिल है। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह के सदस्य ट्रामा सेंटर, लारी कार्डियोलाजी और मानसिक रोग विभाग के आसपास घूमते रहते थे। तीमारदारों को परेशान या घबराया हुआ देखकर उनसे बातचीत शुरू करते और उन्हें दवाइयों के नाम पर गुमराह करते थे। कई मामलों में मरीज की हालत गंभीर बताकर निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए दबाव बनाते थे।



पुलिस की गिरफ्त मेंमरीजों की दलाली करने वाले। अमृत विचार

**दस दिन तक की गई निगरानी, तब दबोचा**

इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि इस गिरोह की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस करीब दस दिनों से इनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। सोमवार को टीम अस्पताल के ओपीडी परिसर में पहुंची तो चारों युवक तीमारदारों से दवा खरीदने को लेकर विवाद करते मिले। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्यों के पास अलग-अलग एंबुलेंस हैं, जिनके जरिए मरीजों को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया जाता था। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि शहर के कुछ निजी अस्पतालों से उन्हें कमीशन मिलता था। यदि किसी अस्पताल से भुगतान नहीं मिलता तो कई बार विवाद और मारपीट तक की नौबत आ जाती थी। पुलिस के अनुसार गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल परिसर में खुलेआम घूमने वाले ऐसे लोग अक्सर परेशान परिवारों को झांसे में ले लेते हैं। गंभीर मरीजों के नाम पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाने का दबाव बनाया जाता है।

# बैट लगने से किशोरी की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** आशियाना के औरंगाबाद जागीर में रविवार शाम क्रिकेट खेलते समय वैष्णवी (13) के सीने पर बैट से चोट लग गई। हादसे में उसकी मौत हो गई। इस मामले में सोमवार को पिता सूरज ने आशियाना थाने में तहरीर दी। जिसमें एक किशोर से झगड़े के बाद भगाने और बैट से हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

आशियाना के औरंगाबाद जागीर निवासी सूरज राजपूत सरिया का काम करते हैं। परिवार में पत्नी रेखा, तीन बच्चे हैं। सूरज के मुताबिक रविवार शाम को सामुदायिक केंद्र के सामने बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान उनकी बेटी वैष्णवी छोटी बहन छवि के साथ वहां पहुंची। वहां बैटिंग कर रहे मोहल्ले के रहने वाले एक किशोर से किसी बात पर झगड़ा हो गया। इस पर नाराज होकर किशोर ने वैष्णवी को वहां से भाग जाने को कहा। कहा कि भाग जाओ नहीं तो बैट से मुंह तोड़ दूंगा। इसी बीच किशोर ने बैट से वैष्णवी के सीने पर वार कर दिया। चोट लगने के कारण बेहोश होकर वहीं गिर गई। सूचना पर पहुंचे तो उसे लोकबंधु अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी किशोर वैष्णवी पर हमला करने के बाद से वहां से भाग गया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### गाड़ी टकराने के बाद पुलिसकर्मी ने कार चालक के दोनों हाथ तोड़े

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर के चांदन रोड पर रविवार देर शाम गाड़ी टकराने के बाद एक पुलिसकर्मी पर कार चालक की पिटाई कर दोनों हाथ तोड़ देने का आरोप लगा है। इंदिरानगर सेक्टर-21 निवासी शमीम अख्तर के अनुसार रविवार शाम करीब 4:45 बजे वह नानी होटल के सामने से चांदन रोड की ओर कार मोड़ रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार (UP32PE 6792) से टक्कर हो गई। आरोप है कि वर्दी में मौजूद चालक ने गालियां देते हुए उन्हें कार से खींचकर बुरी तरह पीटा, जिससे उनके दोनों हाथ टूट गए। सूचना देने पर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़ित ने बलरामपुर अस्पताल में उपचार कराने के बाद इंदिरानगर थाने में तहरीर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### तोहफे में मिली रकम पर भी ख़ुम्स वाजिब

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर किसी शख्स को कुछ पैसा तोहफे में मिल जाए तो क्या उस पर खुम्स वाजिब है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर यह रकम साल भर के खर्चों से बच जाए, तो बची हुई रकम पर खुम्स दिया जाएगा। एक सवाल आया कि अगर किसी शख्स को विरासत में कुछ माल मिले और उसे यह मालूम हो कि इस माल में खुम्स नहीं अदा किया गया है, तो क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर मीरास पाने वाले को यह इल्म है कि वारिस ने इस पर खुम्स नहीं दिया है, तो एहतियाते वाजिब की बिना पर खुम्स अदा करे। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई शख्स कर्जदार है और कर्जा अदा नहीं कर पा रहा है, तो क्या जकात ले सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि ऐसा शख्स जो अपना साल भर का खर्च रखता हो, इसके बावजूद कर्जा अदा करने की खातिर जकात ले सकता है।

### व्यापार मंडल ने किया होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को आलमबाग मेट्रो स्टेशन के निकट होली मिलन समारोह किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने व्यापारियों की एकता, क्षेत्रीय विकास और व्यापार को बढ़ावा देने की बात कह मौजूद व्यापारियों सहित क्षेत्रीय लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आयोजक नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा मंडल के चेयरमैन कमल चौधरी, वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, महामंत्री उपकार सिंह, राजेंद्र सोनकर, मोहन जेठानी, कुशल खटवानी, अंकुर अग्रवाल और विकास अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय व्यापारी समेत मौजूद रहे।

### जनकल्याण महासमिति ने मनाया होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनकल्याण महासमिति ने सोमवार को गोमती नगर स्थित अटल क्रीड़ा स्थल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि रहे पर्यटन मंत्री एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नवरात्र का पर्व श्रद्धा, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। आध्यात्मिक चेतना को प्रबल करता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में भेदभाव और दूरियों को मिटाकर लोगों को एकजुट करने का संदेश देता है। मंत्री ने 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दौरान प्रदेश भर के मंदिरों में देवी शक्ति की आराधना के विशेष आयोजन होंगे, जो समाज में आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। समारोह में राधा-कृष्ण का मयूर नृत्य और फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

# घरों की छतों पर लहराएंगे केसरिया ध्वज और द्वार पर जलेंगे दीप

## नववर्ष के स्वागत के लिए भारतीय महोत्सव समिति ने जन-जागरण अभियान के तहत 5000 घरों में बांटी किट

- 18 मार्च को निराला नगर के सरस्वती कुंज में होगा कार्यक्रम
- मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक
- नववर्ष के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालेंगे डॉ. नीरज सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विक्रम संवत 2083 के भव्य स्वागत के लिए शहर में शहर में जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति की ओर से संचालित जन-जागरण अभियान के तहत 5000 नववर्ष किट में चार डिजाइनर दीपक, केसरिया ध्वज, रोली-चंदन और प्रसाद घर-घर पहुंचाया जा चुका है। 18 मार्च को निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज में शाम 5 बजे नव वर्ष का शंखनाद होगा।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया किअभियान का उद्देश्य स्पष्ट है कि चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा पर हर सनातनी घर की छत पर भगवा लहराएं और शाम को दीप प्रज्वलित कर नववर्ष का स्वागत करें। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग से 18 मार्च को निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज में भारतीय नववर्ष महोत्सव और मां गायत्री दीपयज्ञ होगा। ये आयोजन भारतीय कालगणना के गौरव को पुनर्स्थापित करने और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक साझा मंच बनेगा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि इस सांस्कृतिक महाकुंभ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि रहेंगे।

प्रखर वक्ता डॉ. नीरज सिंह नववर्ष के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सतीश मिश्रा भी शामिल होंगे। संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि समिति का संकल्प है कि हमारा उद्देश्य केवल कैलेंडर बदलना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के भीतर अपनी गौरवशाली सनातन परंपराओं के प्रति गर्व का भाव जागृत करना है। हम चाहते हैं कि हर घर में दीपावली जैसा उत्साह हो। इस मौके पर कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मंत्री संजीव बालाजी, श्याम जी अग्रवाल एवं मंत्री ऊषा अग्रवाल मंत्री मौजूद रहे।



नववर्ष किट के साथ भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति के पदाधिकारी।

## कालिंजर किले का पहाड़ी क्षेत्र राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने ऐतिहासिक कालिंजर किले की पहाड़ी के क्षेत्र को राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल घोषित किया है। इसका उद्घाटन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र) के अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष राजिंदर कुमार ने किया। राजिंदर कुमार ने बताया कि कालिंजर का किला क्षेत्र एक भूवैज्ञानिक घटना एपार्कियन अनकॉन्फ़ॉर्मिटी का प्रमाण है। यहां की 2.5 अरब वर्ष बुंदेलखंड ग्रेनाइट और 1.2 अरब साल पुराने कैमूर बलुआ पत्थर के करोड़ों वर्षों के इतिहास को दर्शाता है।

# पुस्तक मेले में चखे फरे, नून बरी और कचालू

## सुंदरम के काव्य समारोह में सात कवियों को किया गया सम्मानित, पुस्तकों का विमोचन भी हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में सोमवार को सुंदरम के काव्य समारोह में वाराणसी के बृजेन्द्र नारायण द्विवेदी शैलेश, भोपाल के मनीष श्रीवास्तव बादल, डॉ. वीएम खरे, डॉ. अभिनव गुप्त, मंजू सक्सेना, अनिल यादव अनिकेत और वर्षा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। लोक आंगन व नीलाक्षी फाउंडेशन के सहयोग और ज्योति किरन रतन के संयोजन में अवधी व्यंजन उत्सव में नीलम वर्मा, मीनाक्षी साहू ने लोगों को फरे, नून बरी, गुलगुले, आलू कचालू चखाया।

पुस्तक मेले में बुक ग्लोब के स्टाल पर अचल प्रियदर्शी की ब्राण्ड हेमंत, डॉ. सीताराम इंडिया की भारतीय महिला राजनीतिज्ञ : संघर्ष से सफलता का सफर, रामनगीना मौर्य की कार्टून का खजाना जैसी बहुत सी किताबें पाठकों को आकर्षित कर रही हैं। रोहित बुक के स्टाल पर वाणी प्रकाशन की चर्चित पुस्तकों के बीच निदा फाजली, राहत इंदौरी, दुष्यंत कुमार, जॉन एलिया, गुलजार, बशीर बद्र, रामधारी सिंह दिनकर, कुमार विश्वास आदि की शायरी कविताओं की किताबें हैं तो मैं हिटलर की दासी थी, रामायण की महिला पात्र, राष्ट्रवाद बनाम देशभक्ति, विज्ञान का ज्ञान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रीतिकाल सैक्सुअलिटी का समारोह जैसी विविधतापूर्ण विषयों की चर्चित पुस्तकें हैं।

साहित्यिक मंच की गतिविधियों का आरंभ सोमवार को काव्या सतत साहित्य यात्रा व शारदेय प्रकाशन के तत्वावधान में गोष्ठी व परिचर्चा से हुआ। गोष्ठी में मनोरमा लाल, करुणा पाण्डेय, अलका प्रमोद, मनु राय, पवन जैन, नेहा अग्रवाल नेह की उपस्थिति रही। विपिन मलिहाबादी, मुकेश मिश्रा, स्वरिका कीर्ति, रेनू छाबड़ा, दीपा श्रीवास्तव, इला शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव, निवेदिता श्री, अपर्णा सिंह, रोली सारस्वत, इन्दु सारस्वत ने रचनाएं पढ़ीं। द्वितीय सत्र में एक बजे से निवेदिता श्री की पुस्तक दशमेश पिता गुरु गोबिन्द सिंह पर चली चर्चा में मीनू खरे, राजवंत राज, विनीता मिश्रा, रत्ना कौल के साथ रेनू छाबड़ा, अलका प्रमोद व ज्योत्स्ना सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। दोपहर में डॉ. अमरेश मोहन की स्वास्थ्य से जुड़ी अंग्रेजी पुस्तक फिजियोथेरेपी ऑफ़ लाइफ का विमोचन हुआ।





चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में अलग-अलग स्टॉलों पर किताबें देखतीं युवतियां। अमृत विचार

### अन्धानुकरण और संयोग की कहानी है संस्कृत नाटक मंडूकप्रहसनम्



नाटक का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार, लखनऊ :** काव्योम फाउंडेशन व उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में अभिराज राजेन्द्र मिश्र द्वारा लिखित व प्रफुल्ल त्रिपाठी द्वारा निर्देशित संस्कृत नाटक मंडूकप्रहसनम् का मंचन किया गया। 30 दिवसीय संस्कृत कार्यशाला व उसके समानांतर 15 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण के बाद तैयार यह नाटक प्रस्तुत किया गया। यह नाटक एक अज्ञानी के छलपूर्वक राज ज्योतिषी नियुक्त होने और फिर अन्धानुकरण और संयोग की कहानी है। नाटक में अनुष्का पाठक, अच्युत बाजपेई, अनमोल मिश्रा, अमोल पाण्डेय, अभिषेक पाठक, कौन्तेय जय, वैभव पाण्डेय, ईशू यादव, सोनल शर्मा, ऋषिता प्रजापति, हर्षिता आर्या, शिवानी, गार्गी चतुर्वेदी और मानस बाजपेई ने सराहनीय अभिनय किया। नाटक में राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रो. जेवी वैषम्पायन, केकेसी के प्राचार्य डॉ. केके शुक्ल, लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल, कथारंग की अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ, सचिव अनुपमा शरद आदि की मौजूदगी रही।

# सरदार पटेल संस्थान ने किया मेधावियों को पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सरदार पटेल कल्याण संस्थान निलमथा के तत्वाधान में अखंड भारत के निर्माता लौहपुरुष सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित गुजरात से आये बल्लभ कथा वाचक हरी भाई पटेल ने बल्लभ कथा विराट होली मिलन एवं मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ के सांसद डॉ. एसपी सिंह, विशिष्ट अतिथियों मे डॉ. आशुतोष वर्मा (वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ), पूर्व विधान परिषद सदस्य कांती सिंह, उत्तर प्रदेश माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उमा शंकर पटेल, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स के प्रशासक सुशील कुमार, महेश चंद्र वर्मा ने इसी वर्ष भारतीय प्रसाशनिक सेवा में चयनित अनुपम वर्मा, अभिजीत नंदन, चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता अर्जित करने वालों में स्वराज वर्मा, अनुराधा चौधरी, आकांक्षा पटेल, प्रीती वर्मा, दीप्ति चौधरी, आयुषी वर्मा, आकृति वर्मा तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में चंदन पटेल को बैज, माला, अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राम जी चौधरी, उपाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा, महामंत्री गौतम वर्मा भी मौजूद रहे।



मेधावी को पुरस्कृत करते अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

# पुष्पवर्षा के बीच निकलेगी झूलेलाल की शोभायात्रा

- समाज के एक व्यक्ति विशेष को दिया जाएगा लाइफ टाइम अवार्ड
- अच्छे कार्य करने वाले चुनिंदा लोगों का भी होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** भगवान झूलेलाल जयंती पर 20 मार्च को चेट्टी चंद मेला कमेटी सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में शोभायात्रा निकालेगी। शोभायात्रा पर पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा की जाएगी। सिन्धी समाज अपने कथन 'आयोलाल सभाई चओ झूलेलाल जेको चवन्दो झूले लाल ताहिजा थीनंदा बेड़ा पार' का कथन दोहराते हुए जयकारा लगा शोभायात्रा को आगे बढ़ाएंगे।

सुशांत गोल्फ सिटी में सोमवार को तैयारी को लेकर बैठक हुई। इसमें निर्णय हुआ कि मेला स्थल पर झूलेलाल वाटिका में होने वाले आयोजन में समाज के एक व्यक्ति विशेष को लाइफ टाइम अवार्ड दिया जाएगा। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले कुछ चुनिंदा समाज के लोगों सम्मानित भी किया जाएगा। कमेटी की ओर से रूट प्लान भी जारी किया गया।

झूले लाल वाटिका में मेले में भोपाल से आए गायक सिन्धी गीतों से उत्सव को आगे ले जाएंगे। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, श्याम कृषनानी, राजू जसवानी, सतीश लखमानी हंसराज राजपाल नितेश मध्यान विक्की दयलानी आनंद खत्री ने संयुक्त रूप से कहा कि महिलाएं स्कूटर रैली निकाल शोभा यात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा शिव शान्ति आश्रम से निकलेगी संत श्री मोहन लाल संत हरीश लाल जी झंडी दिखा कर शोभा यात्रा रवाना करेंगे।

जो कि सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में से सिंगार नगर, चंद्रनगर, आलमबाग, मवैइया, चारबाग, नाका हिंडोला चौराहे गणेशगंज फतहगंज अमीनाबाद, नजीराबाद, कैसरबाग लालबाग होते हुए हजरतगंज में एक घंटा रुकेगी। यहां पर इन्द्रानगर से आने वाली शोभा यात्रा व समाज को संदेश देने वाली झाकियां अपना प्रदर्शन करेंगी जिसमें देश भक्ति पर कुछ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे सिन्धी समाज डांडिया नित्य करते हुए क्लार्क अवध होते हुए झूले लाल वाटिका पहुंचेंगे। 9 बजे सिन्धी समाज द्वारा भगवान झूले लाल जी की सामूहिक महाआरती होगी।

### नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। डॉलीगंज पुलिया, रूमी गेट और घंटाघर क्षेत्र में कलाकारों ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ड्राइविंग लाइसेंस रखने के लिए प्रेरित करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन के फायदे बताए। वैल्यू लाइफ फाउंडेशन टीम के मैनेजर विख्यात सिंह और ट्रैफिक इंस्पेक्टर चौक जमानत अब्बास ने लोगों को यातायात के विभिन्न नियमों और रोड साइन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है।

## सिटी डायरी

### नेशनल लोक अदालत में इंडियन बैंक की बड़ी सफलता



बैंक अधिकारी को गुलदस्ता देते कर्मचारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल लोक अदालत में इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय ने शानदार कामयाबी हासिल की है। लंबित ऋण मामलों के निपटान में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। प्रमुख जिलों गोंडा, बहराइच, लखनऊ, कानपुर, झांसी, लखीमपुर और सीतापुर में ऋण निपटान किया गया है। इस पहल से हजारों ग्राहकों को राहत मिली और बैंक की वसूली प्रक्रिया को भी मजबूती मिली। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता, उप महाप्रबंधक पंकज सिंह व सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार (डिप्टी जोनल मैनेजर) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। लोक अदालत के दौरान मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण एवं छोटे ऋण खातों पर विशेष ध्यान दिया गया। वन टाइम सेटलमेंट योजना के अंतर्गत कुल 1,764 खातों का निपटान किया गया। इसके परिणामस्वरूप 26 .10 करोड़ रुपए के ऋणों का समाधान हुआ।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेना के उच्च अधिकारी।

### जनरल बिपिन रावत को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** छावनी में थिंक टैंक स्ट्राइव इंडिया ने सोमवार को प्रतिष्ठित 5वें जनरल बिपिन रावत स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें जनरल रावत को श्रद्धांजलि दी गई। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेनगुप्ता जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन-चीफ ने उभरती सुरक्षा गणना और सैन्य निहितार्थ विषय पर भाषण दिया और जनरल बिपिन रावत के दूरदर्शी नेतृत्व से संबंधित किस्से और अंतर्दृष्टि साझा की। उनके भाषण में वर्तमान परिवेश में ग्रे जोन चुनौतियों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सेवारत अधिकारी, अनुभवी नीति निर्माता और रणनीतिक विशेषज्ञ एक साथ आए और उनकी विरासत और भारत की सुरक्षा संबंधी अनिवार्यताओं पर विचार-विमर्श किया।



अखिलेश को मनोनयन पत्र देते अंजनी कुमार पांडे।

### अखिलेश बने अजय नगर अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अजय नगर इकाई की सोमवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से अखिलेश कुशवाहा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डे ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करे। बैठक में योगेश शुक्ला, रतन दास, राजेंद्र सिंह फौजी, निर्भय सिंह, संजय दीक्षित, मुकेश शुक्ला, जुबेरिल, संजय अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



छात्राओं को जानकारी देतीं शिक्षिकाएं।

### शिविर लगाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारी मेडिकल सेंटर में सोमवार को नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा चंद, डॉ. सिद्धि जायसवाल के मार्गदर्शन में शिविर शुरू हुआ। इसमें स्वयंसेवकों को समुदाय-उन्मुख, रचनात्मक और पर्यावरण संबंधी पहल के उद्देश्य बताए गए। प्रधानाचार्या प्रो. सुनीता कुमार, प्रियंका भार्गव, प्रो. सुनीता सिंह, प्रो. सुमन मिश्रा, मोना कॉन्वेंट अल्पाना द्विवेदी, प्रधानाचार्या रीना उपस्थित रहीं।

सेमिनार | आरोग्य दर्पण की ओर से पब्लिक हेल्थ अवेयरनेस ने किया आयोजन

# जनस्वास्थ्य जागरुकता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आरोग्य दर्पण की ओर से पब्लिक हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार एवं पब्लिक सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड समारोह एक होटल में आयोजित हुआ।

समिट के महासचिव नवीन चंद्र शुक्ला ने बताया कि पूर्व डीजीपी विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आईएएस राधे श्याम अपर आयुक्त, लखनऊ मंडल, डॉ. कपिला राघव, जिला जज, डॉ. राकेश कुमार वर्मा, डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, कानपुर और डॉ. सुषमा सिंह, एग्जीक्यूटिव मेंबर, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे। डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में हृदय रोगों से बचाव, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और संतुलित जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण हृदय संबंधी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।



सम्मान देते अतिथि और आयोजक।

### लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

- तेज स्वरूप सिंह, पूर्व डीआईजी
- महात्मा प्रसाद, पुलिस अधीक्षक
- सैयद अली अब्बास, रेल मंत्रालय
- डॉ. बीडी पांडेय, पूर्व जेल अधीक्षक, कानपुर नगर जिला जेल

### पब्लिक सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड

- अर्जुन देव भारती – संयुक्त सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार
- डॉ. कीर्ति वर्धन सिंह – संयुक्त निदेशक (फॉरेंसिक- स्टेट मेडिकोलीगल सेल)
- राघवेंद्र कुमार – अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन)
- पुनीत मिश्रा – उप निदेशक एवं नोडल अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग
- सुखवीर सिंह – अपर राज्य रेडियो अधिकारी, पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ
- दीपक शर्मा – मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कानपुर
- अनुराग मिश्रा – सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग
- सुखवीर सिंह – संस्थापक प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय, लखनऊ

## सिटी ब्रीफ

### बीबीएयू व लविवि में बढ़ी फीस जमा करने की तिथि

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सेमेस्टर शुल्क जमा करने की तिथि 5 फरवरी से बढ़ाकर 20 मार्च कर दी गई है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समर्थ पोर्टल के माध्यम से सेमेस्टर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च तक करने की स्वीकृति प्रदान की है। अब छात्र-छात्राएं 20 मार्च तक अपना सेमेस्टर शुल्क जमा कर सकेंगे। इसी प्रकार लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्ष 2025-26 में स्नातक समसेमेस्टर (चतुर्थ, छठें, अष्टम, दशम सेमेस्टर) में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुल्क जमा करने की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 19 मार्च कर दिया गया है।

### विश्व समाज कार्य दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व समाज कार्य दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में मानव सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विश्व समाज कार्य दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, समानता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है।

### लविवि के शोधार्थी ने जीता सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विभाग की शोधार्थी दीप्ती मित्रा को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान, फॉरेंसिक साइंस विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया है। अमेरिकन केमिकल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित जर्नल की ओर से उनके उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुतीकरण के लिए प्रदान किया गया। उनका शोध कार्य ट्रांज़िशन मेटल कॉम्प्लेक्सेस की संरचनात्मक विशेषताओं और उनके न्यूरोफार्माकोलॉजिकल गुणों की संभावनाओं पर केंद्रित है, जो औषधीय और जैव-अकार्बनिक रसायन विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है।

### एग्रीबिजनेस के अवसरों पर हुआ महर्षि विवि में कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में एमयूआईटी इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा एग्री-बिजनेस अपॉर्च्युनिटीज इन पल्सेस थ्रू इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजीज विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों और संभावित उद्यमियों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक आधारित एग्री-बिजनेस के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं प्रबंधन के विद्यार्थियों को दालों पर आधारित एग्रीबिजनेस की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें दालों के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा की गई।

### मातृभूमि की भूमिका पर हुआ विमर्श

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'द मेकिंग ऑफ़ ए डायस्पोरा : रोल ऑफ़ द होमलैंड' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। हैदराबाद विश्वविद्यालय के भारतीय प्रवासी अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्नल साउथ एशियन डायस्पोरा के संस्थापक प्रो. अजय के. साहू ने प्रवासी अध्ययन के दृष्टिकोण से 'मातृभूमि' की अवधारणा का सैद्धांतिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्रो. साहू ने कहा कि आज के समय में मातृभूमि केवल 'वापसी के मिथक', 'काल्पनिक राष्ट्र' या प्रवासी समुदायों की एक भावनात्मक स्मृति मात्र नहीं रह गई है। आयोजकों के अनुसार यह व्याख्यान अकादमिक समुदाय के लिए विचारों के आदान-प्रदान एवं समाज के बीच उभरते मुद्दों पर वैश्विक स्तर पर संवाद को प्रोत्साहित करेगा और समावेशी तथा सतत भविष्य के लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रो. बीएन दुबे, प्रो. रवि कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. बृजेश कुमार अन्य शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# युवा खेल महोत्सव में खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

## केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुभारंभ, आयोजकों और गणमान्य अतिथियों की रही मौजूदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम्, प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट, एसएस हॉस्पिटल, माय भारत और काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त देखरेख में युवा खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, आयोजकों और गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, युवा एकल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व सदस्य बाल आयोग श्याम त्रिपाठी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि अखिलेश प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष



कार्यक्रम में शामिल अतिथि और खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रो. मंजुला उपाध्याय, कोषाध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, एसएस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हिमांशु सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सीमा पांडेय और सह संयोजक डॉ. रमेश त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत क्रिकेट, रस्साकशी, शतरंज और खो-खो से हुई। खो-खो प्रतियोगिता में गांधी क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीकेटी कॉलेज उपविजेता रहा। रस्साकशी के बालक वर्ग में श्री राम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ने पहला स्थान हासिल किया और श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय उपविजेता रहा।

महिला वर्ग में श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय प्रथम तथा शिवाजी एनपीजी कॉलेज उपविजेता रहा। आठ टीमों के बीच हुए मुकाबलों में कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिनमें से चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। आयोजन के दूसरे दिन वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं होंगी। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के युवा खेल एवं कल्याण मंत्री गिरीश यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत प्रखर ने किया।

# मयंक यादव की वापसी पर टिकीं नजरें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना में एलएसजी ने शुरू की तैयारियां

**अमृत विचार:** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के 19वें संस्करण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को टीम के खिलाड़ियों ने दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक कड़ा अभ्यास किया। यह अभ्यास सत्र टॉम मूडी और हेड कोच जस्टिन लैंगर की निगरानी में आयोजित हुआ। पहले दिन के अभ्यास सत्र का केंद्र बिंदु तेज गेंदबाज मयंक यादव रहे, जो चोट से उबरने के बाद लंबे समय बाद मैदान पर लौटे। गेंदबाजी के दौरान टॉम मूडी और जस्टिन लैंगर ने उनसे बातचीत भी की। दोनों ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज युवा तेज गेंदबाज के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। अभ्यास सत्र में अर्जुन तेंदुलकर ने भी लंबे स्पेल डाले। वहीं पिछले आईपीएल में विकेट लेने के बाद अपने अनोखे जश्न से चर्चा में रहने वाले दिग्वेश राठी ने भी देर तक नेट्स पर गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में आयुष बदोनी ,अब्दुल समद और मध्य प्रदेश के धाकड़ बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी ने मैदान पर लंबे छक्के जमाकर कोचिंग स्टाफ का ध्यान खींचा। इनके अलावा तेज गेंदबाज आवेश खान, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, हिम्मत सिंह और लखनऊ के इकलौते खिलाड़ी नमन तिवारी भी अभ्यास सत्र में शामिल रहे।

टीम के कप्तान ऋषभ पंत और भारतीय टीम के स्टार पेसर मोहम्मद शमी सोमवार देर शाम लखनऊ पहुंच गए। इसके अलावा यूपी के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान समेत कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी शहर पहुंच चुके हैं।

# स्पोर्ट्स हॉस्टल और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सब जूनियर बालक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** खिताब की रक्षा के इरादे से उतरी मेजबान स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने सब जूनियर बालक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी टर्फ स्टेडियम में सोमवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने बस्ती मंडल को 5-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में अब उसका सामना स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी से होगा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने लखनऊ मंडल को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी आमने-सामने होंगे। स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और बस्ती मंडल के बीच खेला गया मुकाबला शुरुआत से ही रोमांचक रहा। पहले क्वार्टर में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने दो और बस्ती मंडल ने एक गोल किया। मैच के चौथे मिनट में बस्ती मंडल के रोशन सिंह ने हॉस्टल की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए पहला गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि दो मिनट बाद ही स्पोर्ट्स हॉस्टल के राघवेंद्र ने शानदार खेल दिखाते हुए साथी खिलाड़ी से मिले पास को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे क्वार्टर में स्पोर्ट्स हॉस्टल के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए दो और गोल दागे और स्कोर 4-1 कर दिया। तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा, जबकि अंतिम क्वार्टर में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला।

# इस बार मोबाइल पर भी मिलेंगे आईपीएल के टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इस बार टीम प्रबंधन ने शुरू की नई व्यवस्था
- बुक माई शो पर भी होगी एम टिकट की ऑनलाइन बुकिंग

**अमृत विचार:** इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) प्रबंधन ने इस बार दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एम-टिकट (मोबाइल टिकट) की नई व्यवस्था शुरू की है। अब दर्शकों को ऑफलाइन काउंटर से फिजिकल टिकट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

प्रबंधन के अनुसार, दर्शक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए टिकट बुक करते ही अपने मोबाइल फोन पर एम-टिकट प्राप्त कर सकेंगे। स्टेडियम के गेट पर इस डिजिटल टिकट को स्कैन कर सीधे प्रवेश मिल जाएगा। इस व्यवस्था से कागज की बचत होने के साथ ही टिकट प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और आसान हो जाएगी। आईपीएल के आगामी मुकाबले के



लिए भी टिकट जारी कर दिए गए हैं। एक अप्रैल को इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाले मैच के टिकट ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके साथ ही दर्शकों की सुविधा के लिए मैच के दिन स्टेडियम के सभी प्रवेश द्वारों पर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**पहले मैच के लिये जारी की गई दरें**

- जनरल स्टैंड - 1000 रुपये से शुरू
- नॉर्थ गैलरी - 2000 रुपये से शुरू
- साउथ गैलरी - 3000 रुपये से शुरू
- नॉर्थ लॉन - 12000 रुपये
- साउथ लॉन - 15000 रुपये
- नॉर्थ लाउंज - 17500 रुपये

इसके अलावा प्रशंसकों के लिए विशेष सदस्यता योजना भी शुरू की गई है। 4999 रुपये में एलएसजी ब्रिगेड की सदस्यता लेने वाले फैंस को टीम के सभी मैच देखने का मौका मिलेगा। साथ ही उन्हें खिलाड़ियों से मिलने का अवसर और टीम की आधिकारिक जर्सी भी प्रदान की जाएगी।

# यूपी टिंबर और आरईपीएल क्रूसेडर्स की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन क्रिकेट लीग में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब और आरईपीएल क्रूसेडर्स क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक हासिल किए। यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने एलडीए क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया, जबकि आरईपीएल क्रूसेडर्स ने ध्रुव क्रिकेट एकेडमी को 94 रनों से पराजित किया।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरईपीएल क्रूसेडर्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट पर 300 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से यशस्वी मिश्रा ने 69 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 75 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं शाश्वत पाण्डेय ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट एकेडमी की टीम 39.4 ओवर में 206 रनों पर सिमट गई। आरईपीएल क्रूसेडर्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए शाश्वत पाण्डेय ने पांच विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी ए ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में एलडीए क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन बनाए। टीम की ओर से आदित्य पाण्डेय ने 51 रनों का योगदान दिया। यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब की ओर से प्रियांशु श्रीवास्तव ने चार और विश्वजीत मिश्रा ने तीन विकेट हासिल किए। जवाब में यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने 21.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच विश्वजीत मिश्रा ने 41 गेंदों में 12 चौके और चार छक्कों की मदद से 81 रनों की तूफानी पारी खेली।

# सरकार को एआई से आगे चलना होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सुशासन के नए आयाम पर हुआ मंथन
- नीतिगत मूल्यांकन, भ्रष्टाचार निवारण और लैंगिक विविधता में एआई की अहम भूमिका

**अमृत विचार :** सरकार और प्रशासन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से एक कदम आगे रहना होगा। आपदा प्रबंधन में एआई का प्रभावी उपयोग किया जा सकता है। साथ ही इसके लिए स्वदेशी मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है। यह बात लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग की अटल सुशासन पीठ में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कही। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा कि एआई का प्रयोग नीतिगत मूल्यांकन, भ्रष्टाचार निवारण और लैंगिक विविधता जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। साथ ही विशेषज्ञों ने एआई से होने वाले संभावित नुकसान पर भी चर्चा की।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सुशासन के नए आयाम विषय पर आयोजित संगोष्ठी में लखनऊ



गोष्ठी में बोलते अनुराग यादव

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि एआई के प्रयोग में इसके नकारात्मक पक्षों से बचना होगा। उन्होंने कहा कि सुशासन सुनिश्चित करने में शोधार्थियों की जिम्मेदारी अधिक है। पूर्व कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने एआई के संभावित खतरों के प्रति आगाह किया। कार्यक्रम में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की प्रो. चारु मल्होत्रा ने एआई के स्वदेशीकरण पर बल दिया।

प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के सचिव अनुराग यादव ने कहा कि एआई को प्रभावी ढंग से लागू कर सुशासन की अवधारणा को साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में भी एआई की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।

वाणिज्य विभाग की भाऊराव देवरस शोध पीठ द्वारा ग्लोबल इकोनॉमी और एआई विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें कुलपति ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की अवधारणा का उल्लेख करते हुए बताया कि सही प्रकार से प्रॉम्प्ट तैयार करने से एआई टूल्स का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा सकता है।

# एआई चश्मे लगाएंगे शकुंतला विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को एआई युक्त स्मार्ट ग्लास दिया जाएगा। एरीज एग्रो लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय में 'ज्योति एआई स्मार्ट ग्लास' का वितरण किया जाएगा इसके साथ ही इन चश्मों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 'ज्योति एआई स्मार्ट ग्लास' जिसे टॉर्चिट द्वारा विकसित किया गया है, दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को शिक्षा और दैनिक जीवन में अधिक स्वतंत्र बनाने में सहायक है। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इन चश्मों के प्रयोग करने का प्रशिक्षण भी छात्रों को दिया जाएगा जिससे वह इसका पूरा प्रयोग कर सके। एआई चश्में में मौजूद स्पीकर, कैमरा, माइक्रोफ़ोन की मदद से, बिना हाथ लगाए इस्तेमाल की जा सकने वाली ऑगमेंटेड सुविधाएं बना सकते हैं।

## सिटी डायरी



लूटा के पदाधिकारी उच्च शिक्षामंत्री को ज्ञापन देते हुए।

### लूटा पदाधिकारियों ने की उच्च शिक्षामंत्री से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) ने उच्च शिक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मेडिकल कैशलेस सुविधा प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। यह निर्णय न केवल शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि विश्वविद्यालय परिवार में विश्वास और सहयोग की भावना को भी गहरा करेगा। लूटा की ओर से विश्वविद्यालय की फ्रीज ग्रांट को डीफ्रीज करने संबंधी मांगपत्र भी सौंपा गया। शिक्षक संघ ने यह स्पष्ट किया कि ग्रांट के स्थगन से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षण, शोध और अधोसंरचना विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।



वेटलिफ्टिंग में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी।

### अरुंधती,समृद्धि, हिमांशु ने शानदार प्रदर्शन कर पाया पहला स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर भारोत्तोलन (महिला और पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। बालिका यूथ वर्ग में समृद्धि (44 किग्रा) और अरुंधती (48 किग्रा) ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं यूथ बालक वर्ग में पीयूष यादव (56 किग्रा) और जूनियर वर्ग में निकित कुमार (60 किग्रा) ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ अपने दमखम का प्रदर्शन किया।



पदक और गोल्ड जीतने वाले सीएमएस छात्र।

### छात्रों ने जीते 187 पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता 'सिंगापुर मैथ्स कम्पटीशन में 44 गोल्ड मेडल, 67 सिल्वर मेडल एवं 76 ब्रांज मेडल समेत कुल 187 पदक जीता है। इसके अलावा, 28 छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इन सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस गणित प्रतियोगिता में भारत, श्रीलंका, घाना, सिंगापुर, मलेशिया, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश, म्यांमार, इजिप्ट, ईरान, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, लाओस, ब्राजील, मालदीव एवं अजरबैजान समेत 16 देशों के प्रतिभाग किया।



कुलपति को चेक सौंपते इंडियन बैंक बैंक के प्रतिनिधि।

### रोबोटिक सर्जरी के लिए दिए 50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) को इंडियन बैंक की चेयरपर्सन और एमडी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से 50 लाख रुपये का योगदान दिया। यह राशि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को रोबोटिक सर्जरी मुफ्त या बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए दी गई है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार कुलपति के प्रयासों से यह सहयोग मिला है।

**यूपी बोर्ड** — जिलों में उत्तरपुस्तिकाओं का समयबद्ध मूल्यांकन सुनिश्चित होगा

# मूल्यांकन प्रक्रिया की निगरानी करेगा मंडलीय कंट्रोल रूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के समापन के बाद कल से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आरंभ किया जा रहा है। उत्तरपुस्तिकाओं के समयबद्ध और शूचितापूर्ण मूल्यांकन के लिए मंडल स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से 1 अप्रैल के बीच किया जाना है। केंद्रीय मूल्यांकन कार्य पर निगरानी रखने के लिए मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मण्डलीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका नोडल अधिकारी मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा वंदना तिवारी, नीलिमा द्विवेदी, प्रवेश सोनी और अनुप्रिया तिवारी की टीम कंट्रोल रूम से मूल्यांकन कार्य पर नजर रखेंगी।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार प्रतिदिन मूल्यांकित किये जाने वाले उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या, प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्र पर बोर्ड स्तर से नियुक्त किये गए उपप्रधान परीक्षकों, परीक्षकों की संख्या, उनकी उपस्थिति, प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्र पर उपनियंत्रक द्वारा नियुक्त परीक्षकों की संख्या, मूल्यांकन कार्य की प्रगति व

> कन्ट्रोल रूम के गठन का उद्देश्य आवंटित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समय से और नियमानुसार पूरा कराना है। परीक्षार्थियों के प्राप्तांकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज कार्यालय को समय से उपलब्ध कराना है।
>
> **डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय कंट्रोल रूम प्रभारी व विज्ञान प्रगति अधिकारी**

मूल्यांकन प्रतिशत पर कंट्रोल रुम नजर रखेगा।

**आज से होगा कंट्रोल रूम सक्रिय:** सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को सतर्कता बरतते हुए जारी गाइडलाइंस के अनुरूप लगातार पर्यवेक्षण करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मूल्यांकन की प्रगति से मण्डलीय कन्ट्रोल रूम को लगातार सूचित करने के भी निर्देश दिये हैं। कंट्रोल रूम आज मंगलवार से मूल्यांकन की अंतिम तिथि तक सक्रिय रहेगा।

**मंडल में बनाए गए 23 मूल्यांकन केंद्र :** लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों में कुल 23 मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। जिसमें लखनऊ जिले में 5 मूल्यांकन केंद्र जिनमें 3 हाईस्कूल स्तर व 2 इंटरमीडिएट स्तर के हैं। सीतापुर में कुल 4 जिनमें दो हाईस्कूल व दो इंटर के लिए हैं। लखीमपुर खीरी में कुल 3 मूल्यांकन केंद्र जिनमें दो हाईस्कूल स्तर के लिए एक इंटर स्तर के लिए है। उन्नाव में 4 मूल्यांकन केंद्र जिनमें दो हाईस्कूल व दो इंटर स्तर के लिए है। रायबरेली में कुल 4 मूल्यांकन केंद्र जिनमे दो हाईस्कूल व दो इंटर स्तर के लिए और हरदोई में कुल 3 मूल्यांकन केंद्र जिनमे 2 हाईस्कूल स्तर व एक इंटर स्तर के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करेंगे।